आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–19 जनवरी 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से कल स्वामित्व योजना के तहत उत्तर प्रदेश समेत दस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेश के 65 लाख से ज्यादा लोगों को सौंपे संपत्ति कार्ड।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आकाशवाणी पर करेंगे मन की बात। कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से साझा करेंगे विचार।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल प्रयागराज स्थित संगम में लगाई आस्था की डुबकी : कहा– आध्यात्मिकता, वैज्ञानिकता के साथ ही सामाजिक समरसता का भी संगम है महाकुम्भ।
- प्रदेश के कई जनपदों में कोहरे से जन जीवन हुआ अस्त व्यस्तः उत्तर रेलवे ने एक दर्जन से अधिक ट्रेनों को किया निरस्त।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल स्वामित्व योजना के अंतर्गत वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर के संपत्ति मालिकों को 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। ये कार्ड उत्तर प्रदेश समेत दस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 50 हजार से अधिक गांवों में वितरित किए गए हैं। इनमें प्रदेश के 29 हजार से ज्यादा गांव शामिल हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों से संवाद किया। प्रधानमंत्री ने इस कदम को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना लागू होने के बाद से पिछले पांच वर्षों में दो करोड़ 25 लाख से अधिक संपत्तियों के दस्तावेज जारी किए जा चुके हैं।

**बीते 5 साल में लगभग डेढ़ करोड़ लोगों को यह स्वामित्व कार्ड दिए गए हैं। इस कार्यक्रम में 65 लाख से ज्यादा परिवारों को यह स्वामित्व कार्ड मिले। यानी स्वामित्व योजना के तहत गांव के करीब सवाद दो करोड़ लोगों को अपने घर का पक्का कानूनी डॉक्यूमेंट मिला है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामित्व योजना से गांव के विकास की प्लानिंग और उस पर अमल अब काफी बेहतर हो रहे हैं आज हमारे पास स्पष्ट नक्शे होंगे तो विकास के काम की प्लानिंग भी सटीक होगी। अब प्रॉपर्टी राइट्स मिलने से ग्राम पंचायत की मुश्किलें भी दूर होगी। ग्रामीण जीवन का कायाकल्प होगा और गांव विकास के मजबूत केंद्र बनेंगे।

***स्वामित्व योजना के साथ हमारी सरकार ने गाँव के लोगों को एक ऐसा सामर्थ दिया है जो भारत के ग्रामीण जीवन का पूरी तरह कया कल्प कर सकता है हमारे गांव , हमारे गरीब सशक्त होंगे तो विक्षित भारत का हमारा सफर भी सुहाना होगा मुझे पूरा विश्वास है कि स्वामित्व जैसी योजनाओं से हम गावों को विकास के मजबूत केंद्र बना पाएंगे।***

इस अवसर पर राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल भी बाराबंकी में मौजूद रही। उन्होंने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले उन लोगों को सशक्त बनाना है, जिनके पास अपने घरों का कोई कानूनी दस्तावेज नहीं है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी लखनऊ से घरौनी वितरण कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कुछ लाभार्थियों को संपत्ति कार्ड सौंपा। वहीं इस कार्यक्रम का प्रदेश के विभिन्न जिलों में सीधा प्रसारण किया गया। आगरा में घरौनी वितरण कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफ़ेसर एसपी सिंह बघेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री बघेल ने कहा कि संपत्ति कार्ड योजना को लेकर उत्तर प्रदेश ने बेहतरीन कार्य किया है। वाराणसी में योजना के तहत तीन हजार 872 लोगों को घरौनी प्रमाण पत्र मिला। इस अवसर पर कमिश्नरी सभागार में प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रवींद्र जायसवाल सहित 300 लाभार्थी भी उपस्थित रहे। लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री का आभार जताया।

***घरौनी मिलने से बहुत फायदा है हमको लोन मिल जायेगा और हमारे पास कोई प्रापर्टी का पेपर नहीं था। अब हमको एक पक्का पेपर हो गया है घरौली मिलने से प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को मैं बहुत आभार व्यक्त करता हूं।***

मऊ जिले में प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा ने स्वामित्व योजना के तहत प्रापर्टी कार्ड वितरण कार्यक्रम में सहभागिता की। वहीं शामली में यहां प्रदेश के राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप मौजूद रहे। बरेली में प्रदेश सरकार के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह मौजूद रहे। अंबेडकरनगर, संभल, उन्नाव, देवरिया, मैनपुरी, अमेठी, बलिया, जौनपुर और सुल्तानपुर में भी लाभार्थियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से संपत्ति कार्ड सौंपे गए।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाईल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम एआईआर न्यूज, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर उपलब्ध रहेगा। मन की बात कार्यक्रम के हिन्दी में प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

**********

देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कल दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज पहुंचे। इस दौरान रक्षामंत्री ने संगम में आस्था की डुबकी भी लगाई। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि महाकुम्भ सनातन धर्म की आध्यात्मिकता, वैज्ञानिकता के साथ ही सामाजिक समरसता का भी संगम है।

***मैं मानता हूँ कि भारतीय संस्कृति यों सनातन धर्म की आध्यात्मिक अनुभूति का यह परब है। यो प्राचीन वैदिक खगोलीय गणना पर आधारित है। और यहां सभी जाति पंथ यहां तक की अनेक देशों की लोग भी एकात्मता भाव से आते हैं। और मैं मानता हूँ और मैं मानता हूँ कि यह गंगा, यमुना, व सरस्वती के साथ सनातन धर्म की आध्यात्मिकता, वैज्ञानिकता और साथी साथ सामाजिक समरसता का भी यह संगम है। जिस यहां के मुख्यमंत्री ने इस महाकुंभ का आयोजन किया है इसके लिए वह सादुआत के पात्र हैं बधाई के पात्र हैं।***

संगम स्नान के बाद रक्षामंत्री ने अक्षयवट, पातालपुरी और बड़े हनुमान जी का दर्शन कर, महाकुम्भ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**********

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। अब तक सात करोड़ 72 लाख से अधिक श्रद्धालु और तीर्थयात्री महाकुंभ में शामिल हो चुके हैं और त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। संगम से परे, महाकुंभ मेले ने पूरे उत्तर प्रदेश में पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है। हमारे संवाददाता से अधिक जानकारी।

**महाकुंभ की यात्रा के बाद अब देश–विदेश से श्रद्धालु और पर्यटक उत्तर प्रदेश के अन्य तीर्थस्थलों का भी भ्रमण कर रहे हैं। अयोध्या, वाराणसी, विंध्याचल श्रृंगवेरपुर और चित्रकूट जैसे पवित्र स्थलों पर श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि देखी जा रही है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में पश्चिम बंगाल के एक श्रद्धालु तपन रे ने महाकुंभ में की गई व्यवस्थाओं की सराहना की और कहा कि–**

**मेरा नाम तपन राय है मैं कलकत्ता से आया हूँ मैं अपने धर्मपत्नी के साथ आया हूं तो हम लोग कुंभ में लगे दर्शन किए हैं।सो जो व्यवस्था है और पूरा कुम्भ मेला का बहुत बढ़िया है मैं लोकल प्रशासन जो है उसको को धन्यवाद देना चाहता हूँ इतना सुपर व्यवस्था करने के लिए लोग आराम से दर्शन भी किए हैं स्नान किए है करके फिर हम लोग अभी प्लानिंग कर रहा है अयोध्या जाने का अयोध्या से फिर हम लोग फिर प्लानिंग करेंगे वाराणसी और भी धार्मिक प्लेसेज वो विजिट करने के लिए सो ओवरऑल जो उत्तर प्रदेश का जो धार्मिक स्थल है और प्रशासन है तो उसका जो अरेंगमेंट है ओवरऑल हम लोगो को बहुत अच्छा लगा।**

**********

अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए कल नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच में 4 नामांकन रद्द कर दिए गए। अब केवल 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। उपचुनाव के लिए 5 फरवरी को वोट डाले जाएंगे।

**********

राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई जिलों में घना कोहरा रहने की वजह से जनजीवन प्रभावित रहा। आज भी प्रदेश में घने कोहरे को लेकर यलो अलर्ट जारी है। लखनऊ मौसम केंद्र के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि 22 और 23 जनवरी को राज्य के कुछ क्षेत्रों में बारिश के आसार है। वहीं उत्तर रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे की कुछ गाड़ियां भी कोहरे के कारण लेट चल रही हैं। उत्तर रेलवे ने एक दर्जन से अधिक ट्रेनों को निरस्त कर दिया है।

**********